# जनजातीय संस्कृति और रीति-रिवाज को ध्यान में रख कर बनाया जाए पीएम आवास - सोनमणि बोरा

- विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों का सत्यापन 31 अगस्त के पहले करने के निर्देश
- 1 से 15 नवम्बर तक चलेगा पीवीटीजी पखवाड़ा
- प्रमुख सचिव ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा की

रायपुर | आरएनएस

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) की संस्कृति और रीति-रिवाज को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की बसाहटों का सत्यापन 31 अगस्त से पहले करने के निर्देश दिए।



प्रमुख सचिव बोरा ने 01 नवंबर से 15 नवंबर 2024 तक पीवीटीजी विकास संबंधी एक पखवाड़ा आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने करीब 200 बसाहटों को 15 नवंबर 2024 तक निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार शत-प्रतिशत लाभान्वित करने कहा है। 10 प्रतिशत बसाहटों को मॉडल गांव के रूप में बनाये जाने कहा है। बोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप सुदूर क्षेत्रों में निवासरत पीवीटीजी का समुचित विकास किया जाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी विभागों के नोडल अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर अनुसूचित जनजाति के लोगों को आवास, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल कौशल विकास और आदिवासी छात्रों को छात्रावास जैसी जरूरी सुविधाएं अनिवार्य रूप से मुहैय्या करायी जा रही है। प्रदेश के जनजाति बाहुल्य इलाकों की विभिन्न छोटी-छोटी बसाहटों में सुविधाएं पहुंचाने का यह काम पिछले वर्ष नवंबर से शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाभियान के अंतर्गत राज्य में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने की। बोरा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ऊर्जा एवं शिक्षा और अन्य विभागों के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं के लिए हितग्राहियों का सर्वे कर योजनाबद्ध कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में बोरा ने सर्वे के माध्यम से भी इनका डाटा एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की गाइडलाईन के अनुसार पीवीटीजी के सर्वांगीण विकास हेतु तीन वर्षों के भीतर सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। इसके लिए सभी नोडल अधिकारी आपसी समन्वय के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिलों में गैप के आधार पर प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सभी नोडल विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध की गई प्रगति की एंट्री ऑनलाइन करने के भी निर्देश भी दिए हैं। बैठक में संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों ने अपने लक्ष्य के विरूद्ध अब तक की गई कार्यवाही और प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास नरेन्द्र कुमार दुग्गा सहित शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिवनाथ नदी में मर गईं लाखों मछलियां, शराब फैक्ट्री का दूषित पानी छोड़ने से मौत की आशंका

मुंगेली (आरएनएस)। सरगांव क्षेत्र से गुजरने वाली शिवनाथ नदी में लाखों मछलियां मर गई है। शराब फैक्ट्री का दूषित पानी नदी में छोड़ने से मौत की आशंका जताई जा रही है। दूषित अपशिष्ट पदार्थ से नदी का जल भी मैला हो गया है। बता दें कि कुछ महीने पहले पथरिया एसडीएम भरोसा राम ठाकुर ने भाटिया शराब फैक्ट्री मर्चेंट के प्रबंधक को नोटिस जारी किया था. एसडीएम ने शराब फैक्ट्री के दूषित पानी को नदी में छोड़ने से जलीय जीव जंतु के खतरे को लेकर आशंका जताई थी. लाखों मछलियों की मौत पर एसडीएम ने अब पर्यावरण बोर्ड को पत्र लिखने की बात कही है।

### वन भूमि में अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्यवाई कर रहा है वन विभाग

बलरामपुर (आरएनएस)। रामानुजगंज वन मंडल बलरामपुर के अंतर्गत लगातार वन भूमि पर वन मंडलाधिकारी अशोक तिवारी के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही तत्परता से वन विभाग कर रहा है। वन परिषद धमनी के अंतर्गत दो ग्रामीणों के द्वारा ग्राम कालकेश्वर पूर्व में वन भूमि में जुताई कर मक्का फसल की बुवाई की जा रही थी जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा रेंजर अजय वर्मा को दी गई जिनके द्वारा तत्काल वन कर्मी को मौके पर भेजा।वन कर्मियों के द्वारा जुताई में प्रयुक्त ट्रैक्टर एवं 2 ग्रामीणों को हीरासत में लिया जिनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तालकेश्वरपुर में अर्जुन पंडो पिता मोतीलाल पंडो एवं संदीप यादव पिता सुंदर देव यादव के द्वारा वन भूमि कच्छ क्रमांक पी 889 में जोताई कर मक्का की बुवाई की जा रही थी इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा तत्काल रेंजर अजय वर्मा को दी गई जिनमें निर्देश पर वन हमला मौके पर पहुंचा एवं ट्रैक्टर को जप्त कर दोनों ग्रामीणों को हिरासत मिले वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की। रेंजर अजय वर्मा ने बताया कि ग्रामीण के द्वारा वन भूमि के 0.85 हेक्टेयर में जुताई की जा रही थी।

### मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चौक करने का निर्णय

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शहीद भरत लाल साहू की स्मृति को अक्षुण्ण रखते हुए मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण उनके नाम से शहीद भरत लाल साहू चौक करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि एसटीएफ के आरक्षक भरत लाल साहू 17 जुलाई को बीजापुर जिले के मंडीमरका के जंगल में सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने की वजह से शहीद हो गए थे। शहीद भरत लाल साहू रायपुर के मोवा बाजार के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रिपरिषद के सहयोगियों ने शहीद भरत लाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही उनकी स्मृति में मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चौक किए जाने का निर्णय लिया है।

### विशाल पेड़ गिरने से लग्जरी कारें हुई क्षतिग्रस्त

जगदलपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में तीन दिनों से हो रही बारिश से पेड़ों का गिरना शुरू हो चुका है. पुराने और कमजोर पेड़ गिर जाने से नुकसान भी हो रहा है. इसी बीच बारिश के चलते बड़ा हादसा हुआ है. दरअसल जगदलपुर कोतवाली थाना में लगभग डेढ़ सौ साल पुराने सिरसा का पेड़ अचानक सुबह गिर पड़ा। पेड़ के गिर जाने से जप्ती की गई हैरियर और स्कार्पियो जैसी तीन महंगी गाड़ियां दबकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं दो शासकीय गाड़ी को भी नुकसान हुआ है. कुछ पुलिसकर्मी थाना के सामने बात कर रहे थे तभी पेड़ अचानक गिर गया. कुछ पुलिसकर्मियों ने भाग कर अपनी जान भी बचाई पेड़ गिरने के बाद सभी पुलिसकर्मी गिरे पेड़ के पास पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 294.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर | आरएनएस



राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 294.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 19 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 604.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 138.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 204.3 मिमी, बलरामपुर में 339.1 मिमी, जशपुर में 240.8 मिमी, कोरिया में 249.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 205.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 265.5 मिमी, बलौदाबाजार में 300.5 मिमी, गरियाबंद में 363.2 मिमी, महासमुंद में 232.7 मिमी, धमतरी में 296.9 मिमि, बिलासपुर में 339.9 मिमी, मुंगेली में 315.9 मिमी, रायगढ़ में 332.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 204.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 313.7 मिमी, सक्ती में 275.2 कोरबा में 395.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 342.1 मिमी, दुर्ग में 184.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 259.4 मिमी, राजनांदगांव में 260.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 280.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 191.0 मिमी, बालोद में 278.1 मिमी, बेमेतरा में 172.6 मिमी, बस्तर में 411.9 मिमी, कोण्डागांव में 303.7 मिमी, कांकेर में 298.6 मिमी, नारायणपुर में 333.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 326.0 मिमी और सुकमा जिले में 464.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## सीएम ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को दिया कांधा

रायपुर | आरएनएस



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस बीजापुर जिले के तंरेम में माओवादियों द्वारा किये आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवान भरत लाल साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान निवास रायपुर के सड्डू के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि बीजापुर जिले के तंरेम में हुए आइईडी ब्लास्ट में हमारे वीर जवानो ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने माओवादियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी।

मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान शहीद जवान भरत लाल साहू के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि एसटीएफ के शहीद आरक्षक भरत लाल साहू रायपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 17 जुलाई को बीजापुर जिले के तंरेम में एसटीएफ का बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गये आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षाबल के दो जवान शहीद और 4 जवान घायल हुए। इस मौके पर वनमंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, डीजीपी अशोक जुनेजा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद जवान के परिजन मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर दो दिव्यांग को मिला बैटरी चलित ट्राई सायकल

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा दो दिव्यांग को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राई सायकिल उपलब्ध कराया गया है। बैटरी चलित ट्राई सायकिल पाकर दिव्यांग टिकेश्वर और गौरी ने मुख्यमंत्री साय और जिला प्रशासन का आभार जताया है।

महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम अठारहगुड़ी के रहने वाले 34 वर्षीय दिव्यांग टिकेश्वर पटेल और ग्राम रेमडा निवासी 30 वर्षीय गौरी खंडेल कलेक्टर प्रभात मलिक के हाथों ट्राई सायकिल पाकर वे दोनों बहुत खुश हैं। दोनों दिव्यांगों को पहले आने-जाने के लिए परिजन या किसी व्यक्ति का सहारा लेना पड़ता था। मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिल जाने से अब उन्हें गांव या गांव से बाहर आने-जाने में आसानी होगी। दिव्यांग टिकेश्वर पटेल ने बताया कि अब उन्हें अपने व्यवसाय के द्वारा आर्थिक स्थिति में और सुधार करने का मौका मिलेगा। इसी तरह गौरी खंडेल ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से मुझे अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिला है।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि दोनों 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं, इसलिए ऑटोमेटिक ट्राई साइकिल समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई है। ताकि वे अपने रोजमर्रा के काम सरलता से कर सके तथा स्व रोजगार से अपना जीवन यापन कर सकें।

## विधायक और कलेक्टर ने डोंगरीपाली में किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

- शिशु संरक्षण माह अभियान 19 जुलाई से 23 अगस्त तक चलेगा

सारंगढ़ बिलाईगढ़



जिले के दूरस्थ अंचल स्थित गांव डोंगरीपाली के जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने लोगों को संबोधित करते हुए अपने व अपने आसपास के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को शिशु संरक्षण माह के दौरान आवश्यकता अनुसार विटामिन ए, आयरन सिरप व टीकाकरण की खुराक दिलाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि एक माह से भी अधिक समय तक चलने वाली इस अभियान के दौरान मैदानी क्षेत्र में कार्यरत सीएचओ व आरएचओ अपने सेड्यूल के अनुसार जिले के प्रत्येक ग्रामों में जाकर अभियान को संपादित करेंगे। इस अभियान में प्रमुख रूप से विटामिन ए के अलावा आयरन सिरप, टीकाकरण की सेवाएं देते हुए गर्भवती, शिशुवती माताओं के जांच कर उनकी अच्छे स्वास्थ्य सुनिश्चित की जाएगी साथ ही बच्चों में पोषण स्तर की जांच कर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया जाएगा। विटामिन ए बच्चों में अंधत्व के साथ-साथ डायरिया, मिजल्स व अन्य संक्रमणों के रोकथाम में सहायक है। अतः सभी अपने बच्चों को विटामिन ए की खुराक जरूर पिलाएं। शुभारंभ अवसर पर जिला के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, विनय तिवारी (उपसंचालक समाज कल्याण), आशीष बनर्जी (सहायक आयुक्त, आदिम जाति), डॉ संजय पटेल(बीएमओ बरमकेला), नंदलाल इजारदार(जिला कार्यक्रम प्रबंधक), ईश्वर दिनकर (बीपीएम), डॉ टी एल मिश्रा उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में फिर लौटा कोरोना!

## बिलासपुर मिला संक्रमित मरीज, नही मिली ट्रैवल हिस्ट्री

बिलासपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में 66 वर्षीय बुजुर्ग में कोरोना के लक्षण मिले हैं। उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। कोरोना संक्रमित व्यक्ति की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। छत्तीसगढ़ में कोरोना एक बार फिर पैर पसार रहा है। लंबे समय के बाद न्यायधानी बिलासपुर में कोरोना का मरीज मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी पुष्टि की है। कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। संक्रमित मरीज को अस्पताल में भर्ती का इलाज किया जा रहा है।

कहर मचाने के बाद काफी समय से लुप्त हो चुका कोरोना एक बार फिर सामने आ गया हैं। न्यायधानी बिलासपुर में कोरोना संक्रमित मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। 66 वर्षीय बुजुर्ग मरीज में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। कोरोना टेस्ट में इसकी पुष्टि हुई है। अपोलो हॉस्पिटल में संक्रमित मरीज का सांस लेने में तकलीफ के चलते इलाज चल रहा है। खास बात यह है कि मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। साल भर बाद जिले में कोरोना का मामला सामने आने से हड़कंप हुआ है।

मामले में स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि 66 वर्षीय मरीज को सांस लेने में दिक्कत के चलते उनके परिजनों ने उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया है। जिनके परीक्षण में कोरोना की पुष्टि हुई है। सीएमएचओ डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना के मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। पर उनको पूर्व से ही डायबिटीज की बीमारी थी। मई माह में उन्हें पक्षाघात भी हुआ था।

इसके साथ ही वह एचआईवी पीडित भी है। सीएमएचओ के अनुसार बरसात के महीने में सर्दी खांसी के मरीज ओपीडी में ज्यादा आते हैं। जिसके चलते डॉक्टरों को मास्क लगाकर उपचार के निर्देश देने के साथ ही अन्य उपचार बरतने के सुझाव दिए गए हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com


सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर ने करवाया छोटे छोटे कार्यों का निराकरण

- डोंगरीपाली का जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू का महत्वपूर्ण परियोजना स्वरूप जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आगाज जिले के दूरस्थ ग्राम डोंगरीपाली से किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम में मंच से सभी अधिकारियों को कहा कि इस निवारण शिविर में सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद हैं इसलिए निराकरण होने वाले सभी कार्य को यही पूरा करना होगा। उन्होंने ऐसे सभी कार्यों को शिविर में पूरा कराया और निराकरण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में खानापूर्ति नहीं चलेगा। शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीण कलेक्टर के इस कार्य से खुश नजर आए।



ग्रामीणों ने इस शिविर में आवेदन पत्र 10.30 से अपरान्ह 3 बजे तक जमा किए, जिसका निराकरण तत्काल शाम 4 बजे किया गया और सामग्री वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूली छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत की। विभागवार केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को मंच से दी। अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े और कलेक्टर ने शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ बच्चों को दवा पिलाकर किया, वहीं शिशुवती महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट वितरण किया गया। कलेक्टर ने एक बुजुर्ग माता को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। कलेक्टर ने स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकल प्रदाय योजना अंतर्गत सायकल का वितरण किया। इसके साथ साथ विभिन्न प्रमाण पत्र, चेक, विभागवार योजनाओं से लाभान्वित सामग्री का वितरण हितग्राहियों को किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विभागों ने प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी मंच पर दी। कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश साहू ने अमरूद का पौधारोपण किया। खेत में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से खाद का छिड़काव किया गया। मंच में उपस्थित अतिथियों में विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, बिलास सारथी, बरमकेला ब्लॉक के जनप्रतिनिधि, एसपी पुष्कर शर्मा, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला स्तर के सभी अधिकारीगण, एसडीएम अनिकेत साहू सहित बरमकेला ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरू से अंत तक मंच का संचालन बाबूलाल पटेल द्वारा किया गया। शिविर में भोजन व्यवस्था डोंगरीपाली के सरपंच के द्वारा किया गया।